>

Title: Regarding supply of low quality soyabean seed in Latur district, Maharashtra.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र लातूर में किसानों पर भारी समस्या आन पड़ी है। वहां किसानों ने सोयाबीन बीज बोने के लिए खरीदा था, लेकिन वह नकली साबित हुआ। इलाके की लगभग पांच हजार एकड़ खेती में यह बीज नहीं उगा, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। किसान अपनी कॉस्ट बिगड़ने से सदमे में हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उन किसानों को सरकार की तरफ से मुआवजा राशि उपलब्ध करायी जाये और नकली बीज सप्लाई करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये, क्योंकि इन गरीब किसानों की रोजी-रोटी छीन गयी है। यह बहुत गंभीर विषय है, इसलिए इस पर तुंत कार्रवाई की जाये।